पवन हंस का जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय के साथ शैक्षणिक सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

भारत सरकार के एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय हेलीकॉप्टर वाहक के रूप में पवन हंस अनेकों रणनीतिक स्थानों यथा बॉम्बे हाई से उत्तरपूर्व व अंतर्द्वीपों अंडमान व निकोबार, लक्षद्वीप को जोड़ता है। पवन हंस भारत में हेली पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

देश की राष्ट्रीय हेलीकॉप्टर वाहक कंपनी पवन हंस लिमिटेड (पीएचएल) एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय (जेएमआई) के मध्य एक तीन वर्षीय बीएससी (वैमानिकी) में डिग्री पाठ्यक्रम उपलब्ध कराने के लिए दिनांक 27 जुलाई, 2017 को हुए समझौता ज्ञापन पर श्री ए. पी. सिद्दिकी, कुल सचिव, जेएमआई एवं श्री टी. श्रीधर, कार्यपालक निदेशक (मासं व प्रशा) के द्वारा हस्ताक्षर किया गया जिसके दौरान जेएमआई के कुलपति प्रो. तलत अहमद और पीएचएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. बी. पी. शर्मा, उप कुलपति, जेएमआई, प्रो. शाहिद अशरफ, डीन, संकाय सदस्य एवं पीएचएल व जेएमआई के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति रही।